हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 9 मई 2025

11 पार्षदों ने दिया अपनी एक एकड़ भूमि में धान नहीं बोने का शपथ पत्र



12 विश्व रेडक्रॉस दिवस पर एसएम कॉलेज में रक्तदान शिविर...



## खबर संक्षेप

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स की मासिक बैठक 10 को

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन फतेहाबाद की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में 10 मई शनिवार को सायं 5 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि इस बैठक में पेंशनर्स की समस्याओं बारे जानकारी ली जाएगी तथा उनका समाधान संबंधित विभागों द्वारा करवाया जाएगा।

### टोहाना व जाखल क्षेत्र से दो युवतियां लापता

**फतेहाबाद।** जिले के टोहाना व जाखल क्षेत्र से दो युवतियों के लापता होने का समाचार है। दोनों मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में कुलां के गांव मूसाखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 19 साल की लडक़ी गत दिवस सुबह काम के लिए रतिया जाने के लिए बस में चढ़ी थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है।

### युवाओं को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी भुना निरीक्षक सुरेन्द्रा के नेतृत्व में आज गांव डुल्ट की लाइब्रेरी में पुलिस टीम द्वारा एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को नशे की लत से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना और उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। नशा मुक्त अभियान के दौरान बच्चों को नशे के विभिन्न प्रकारों, के बारे में जानकारी दी।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** मई। पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद श्री सिद्धांत जैन के दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुये पुलिस ने वाहन चोरों की धरपकड़ करते हुए मोटरसाइकिल चोरी के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान पवन पुत्र साहब सिंह , दिनेश पुत्र सुरेंद्र सिंह, करण सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी फतेहपुरी टोहाना के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जा से चोरी हुई तीन बाइक भी बरामद की है।

### राइस मिल से 40 बोरी गेहूं चोरी, मामला दर्ज

**भूना।** रतिया रोड पर दिगोह गांव के पास हन्नी राइस मिल में देर रात अज्ञात चोरों ने दीवार फांदकर 40 बोरी गेहूं चोरी कर ली। वारदात का पता गुरुवार सुबह चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष सुरेंद्रा मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। सतीश कुमार नाढोड़ी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। सतीश कुमार ने बताया कि वह लक्ष्मी अनाज मंडी में मोनू बीज भंडार पर मुनीम है।

### महान गुरमत समागम का आयोजन 11 को

**सिरसा।** गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह पातशाही दसवीं में आगामी आगामी 11 मई को महान गुरमत समागम किया जाएगा। हैड ग्रंथी रेलवे गुरुद्वारा भाई अवतार सिंह व भाई संदीप सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी 11 मई की शाम 4 बजे सुखमणि साहिब के पाठ आरंभ होंगे। इसके बाद संध्या समय का नितनेम होगा। तत्पश्चात गुरबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से 9.30 तक भाई सिमरनजीत सिंह टोहाना गुरमत अनुसार कथा और सिमरन अभ्यास द्वारा संगत को निहाल करेंगे, जिसमें संगत को गुरुग्रंथ साहिब में दिया गया उपदेश सरल भाषा में साध संगत को समझाएंगे। उन्होंने समस्त साध संगत का आह्वान किया कि वे इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लें।

## एचएसवीपी ने सैक्टर में करवाई मुनियादी, दी चेतावनी

# कोठियों के बाहर स्वयं हटा लें कब्जे अन्यथा चलेगा बुलडोजर

### नोटिस देकर एक सप्ताह में अतिक्रमण कर बनाए रैम्प, ग्रीन बैल्ट को तोड़ने के दिए थे आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शहर के हुडा सेक्टर 3 में कोठियों के बाहर अतिक्रमण कर बनाए गए पार्कों, ग्रिलों व रैम्पों को तोड़ने का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया। वीरवार को एचएसवीपी ने सैक्टर में मुनियादी करवाकर कोठियों के बाहर बने पार्कों, ग्रिल व रैम्पों को तोड़ने को कहा। प्राधिकरण ने चेतावनी दी कि कोठी मालिक खुद ही अवैध कब्जे हटा लें, अन्यथा किसी भी दिन बुलडोजर चल जाएगा। उस खर्च को भी बिल्डिंग मालिक से वसूला जाएगा। एचएसवीपी ने 29 जनवरी को फतेहाबाद के सैक्टर 3 व पार्ट-2 में नोटिस देकर एक सप्ताह में कोठियों के आगे अतिक्रमण कर बनाए गए रैम्प, ग्रीन बैल्ट को तोड़ने के आदेश दिए थे। एचएसवीपी ने कोठी मालिकों को एक सप्ताह का समय दिया था जोकि 5 फरवरी को पूरा हो गया था। इस नोटिस के बाद कुछ लोगों ने अपने अतिक्रमण स्वयं हटा लिए जबकि अधिकांश जस की तस खड़े हैं। समय अवधि बीत जाने के बाद भी वहां कोई कार्रवाई नहीं की गई। बुधवार को हरिभूमि ने 'एचएसवीपी की कार्रवाई ठंडे बस्ते में पड़ने से सैक्टरवासी हैरान, अधिकारियों पर 'ले-देकर' मामला निपटाने के आरोप' शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। जिसके बाद एचएसवीपी ने दोबारा मुनियादी करवाकर अवैध अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं। एचएसवीपी के स्टेट ऑफिसर ने जनवरी में अभियान चलाते हुए सैक्टरवासियों को कोठियों के बाहर अतिक्रमण कर बनाए गए पार्कों व रैम्पों को तोड़ने के नोटिस दिए थे।



फतेहाबाद। हुडा सैक्टर में कोठियों के बाहर बने रैम्प। फोटो: हरिभूमि




फतेहाबाद। बुधवार को प्रकाशित की गई खबर।

### कोठी मालिकों से वसूला जाएगा खर्चा

नोटिस में प्राधिकरण ने इन्हें 5 फरवरी तक का समय दिया था और कहा था कि अगर उन्होंने पार्कों और रैम्पों को नहीं हटाया तो प्राधिकरण स्वयं कार्रवाई करते हुए इन अवैध निर्माणों को तुड़वा देगा और इसका खर्चा भी कोठी मालिकों से वसूला जाएगा। इसके बाद सैक्टर में रहने वाले कुछ लोगों ने स्वयं ही कोठियों के बाहर बने पार्क, ग्रिलें व रैम्प हटा दिए थे। इसके बाद 7 फरवरी को एचएसवीपी के अधिकारी दोबारा सैक्टर में पहुंचे अतिक्रमण हटाने की बात कही। इसके बाद एचएसवीपी ने अपनी इस कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल दिया और अतिक्रमण न हटाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की। इस कारण स्वयं ही कोठियों के बाहर बने पार्क व रैम्प तोडने वाले लोग स्वयं को ठगा-सा महसूस करने लगे और उन्होंने एचएसवीपी के अधिकारियों पर सांठ-गांठ के आरोप लगाए थे। इसके बाद अब एक बार फिर एचएसवीपी एक्टिव नजर आ रहा है। एचएसवीपी ने आज सैक्टर में मुनियादी करके सैक्टरवासियों को हिदायत दी कि या तो स्वयं के स्तर पर इन अवैध कब्जों को जल्द हटा लें, अन्यथा किसी भी कार्यदिवस को इन अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

# बड़ी कार्रवाई: डॉग स्क्वॉयड के शेरु ने पकडी 8 ग्राम हेरोइन

- 5,23,000 रुपये व हेरोइन बरामद, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत सीआईए टोहाना पुलिस ने टोहाना क्षेत्र से एक युवक को हीरोइन व लाखो रुपये की नगदी सहित गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान अजय पुत्र अमृत सिंह निवासी टोहाना के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर टोहाना मे एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला अंकित किया गया है। आरोपी को कोर्ट मे पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

### आरोपी को कल न्यायालय में पेश किया जाएगा

*सीआईए टोहाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एसआई अजय कुमार के नेतृत्व में डॉग स्क्वॉड टीम के शेरु की मदद से अपराधियों की धरपकड़ को लेकर आज किला मोहल्ला टोहाना में सर्च अभियान पर थी। सर्च अभियान के दौरान पुलिस टीम के डॉग शेरु के साथ संदिग्ध घरों की चेकिंग कर रही थी तो । जब पुलिस ने अजय उक्त आरोपी के घर पर सर्च किया तो उसके घर से 8.6 ग्राम हीरोइन व 5 लाख 23 हजार रुपए की नगदी बरामद हुई है जो उसने नशा तस्करी से कमाए कबूले है। इस पर पुलिस ने युवक अजय उक्त को गिरफ्तार कर थाना शहर टोहाना में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है आरोपी को कल न्यायालय में पेश करके सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।*

# लाखों रुपये की हेरोइन सहित तीन तस्कर काबू

- आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

पुलिस ने तीन हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपये की करीब 70 ग्राम हेरोइन बरामद की है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने गुरुवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान शक के आधार पर युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके पास 32 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उधर, सीआईए कालांवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस ने सकताखेड़ा क्षेत्र से कार सवार दो युवकों को 40 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए सभी नशा तस्करों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।



सिरसा। पकड़े गए हेरोइन तस्कर।

### जेल में लोक अदालत 4 कैदियों को किया रिहा

**सिरसा।** जिला वधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सिरसा जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्राधिकरण के सचिव प्रवेश सिंगला ने बताया कि जेल लोक अदालत में कुल 5 मामलों की सुनवाई के लिए फाइलें रखी गई थीं, जिनमें से 4 मामलों का निपटारा किया गया और 4 कैदियों को रिहा कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जेल में माह के प्रथम बुधवार और तीसरे बुधवार को लोक अदालत लगती है। इन लोक अदालतों का उद्देश्य छोटे मामलों में लंबे समय से जेल में बंद कैदियों को राहत प्रदान करना है। तत्पश्चात उन्होंने जेल का दौरा किया और कैदियों की समस्याएं सुनी।

# गेहूं की सरकारी खरीद 15 मई तक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

जिले में अब तक 6 लाख 34 हजार 435 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है जबकि 7 लाख 1 हजार 641 एमटी गेहूं की खरीद हुई थी। यानि कि इस बार मण्डियों में 67 हजार एमटी गेहूं की कम खरीद हुई है। डीएफएससी का मानना है कि इस बार गेहूं खरीद के मामले में फतेहाबाद अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर पाएगा। उधर, माना जा रहा है कि खुले बाजार में गेहूं के बढ़ते दामों को देखते हुए व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर गेहूं का स्टाक करना शुरू कर दिया है। जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में अब तक 44944 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 634435 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद की गई है। इसके लिए सरकार की ओर से किसानों को 1374.46 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया है।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में पड़ी गेहूं की ढेरियां। फोटो: हरिभूमि

### 9,000 एमटी प्रतिदिन हो रही आवक

गेहूं की खरीद 15 मई तक होनी है। पिछले साल 7 लाख एमटी गेहूं की आवक हुई थी। अब गेहूं की आवक धीरे-धीरे कम हो रही है। इसके बावजूद 9 हजार एमटी प्रतिदिन आवक हो रही है। ऐसे में 15 मई तक हम पिछले साल का आंकड़ा छू जाएंगे लेकिन लक्ष्य पूरा होना मुश्किल लग रहा है।

-विनीत जैन, डीएफएससी फतेहाबाद

# डबवाली पुलिस अलर्ट पर, चलाया सर्च अभियान

- महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के दो किलोमीटर एरिया में ड्रोन, ग्लाइडर व फ्लाइंग कैमरा उड़ाने पर रहेगी पाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर ने सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से डबवाली पुलिस को अलर्ट मोड़ पर कर दिया है। पुलिस टीमों द्वारा महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, रेलवे स्टेशन व बस स्टेंड पर तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। पुलिस की चप्पे चप्पे पर पैनी नजर है। साथ ही आमजन को शांति व्यवस्था बनाए रखने व अफवाहों पर ध्यान न देने बारे भी जागरूक किया जा रहा है। यह सारी व्यवस्था पहलगाम हमले के बाद सुरक्षा को देखते हुए की गई है। उन्होंने बताया कि ड्रोन, ग्लाइडर, रिमोट कंट्रोल्ड एयरक्राफ्ट, फ्लाइंग कैमरा, कायर कॉप्टर, हवाई कवरेज के लिए हैली कैम आदि जैसे मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को राष्ट्रीय महत्व के कुछ महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे, निषिद्ध स्थानों, सार्वजनिक आश्रयों, अस्पतालों, अन्य रणनीतिक क्षेत्रों या रणनीतिक बिंदुओं के पास अस्वीकार्य रूप से उड़ाने के कारण शांति और सार्वजनिक व्यवस्था के उल्लंघन की आशंका है जो आंतरिक सुरक्षा के रखरखाव के लिए आवश्यक है।



सिरसा। रेलवे स्टेशन पर तलाशी अभियान चला रहे पुलिस जवान। फोटो: हरिभूमि

### भ्रामक पोस्ट पर ध्यान न दे नागरिक

आमजन को हिदायत देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट या सूचना पर ध्यान न दें। समाज के सभी वर्ग शांति बनाए रखें। कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का हर प्रकार से सहयोग करें। यदि आपके आसपास कोई भी असामाजिक तत्व संदिग्ध व्यक्ति या वाहन खड़ा दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। सोशल साइट पर यदि कोई व्यक्ति आपत्तिजनक पोस्ट डाले तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर पैनी नजर है जिसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।



सिरसा। नारियल व एक रुपया लेकर शादी की रस्म निभाते वर पक्ष के परिजन।

### बिना दहेज की शादी बनी मिसाल

# एक नारियल व एक रुपया लेकर विवाह सम्मान के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

- समारोह में गणमान्य और सामाजिक कार्यकर्ता ने पहल की सहारना की

आज के युग में जहां शादियां अक्सर दिखावे और दहेज की होड़ में उलझ जाती हैं, वहीं मेहुवाला निवासी मनोज पुत्र ओमप्रकाश सोनी और रूपावास निवासी ममता पुत्री लीलूराम सोनी की शादी ने समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

इस शादी में न कोई दहेज लिया गया, न कोई शोर शराबा के सिर्फ एक नारियल और एक रुपया लेकर विवाह को सादगी और सम्मान के साथ संपन्न किया गया। इस विवाह समारोह की विशेष बात यह रही कि यह पूरी तरह बिना दहेज के संपन्न हुआ, जो स्थानीय समाज में चर्चा का विषय बन गया। मनोज के मामा और प्रख्यात समाजसेवी सज्जन सोनी ने बताया कि मनोज पहली कक्षा से लेकर अब तक मेरे पास यानी ननिहाल में ही रहा। जब उसकी शादी तय हुई, तो हमने संकल्प लिया कि इसे एक सामाजिक संदेश देने वाली यादगार शादी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि लड़के पक्ष ने लडक़ी वालों से कोई दहेज नहीं लिया। केवल एक नारियल और एक रुपया स्वीकार कर विवाह की सभी रस्में सादगी से निभाई गई। समाज में फैले दहेज प्रथा के खिलाफ यह एक सकारात्मक संदेश बन गया। शादी समारोह में कई गणमान्य और सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से समाजसेवी प्रभु सोनी खारिया, डॉ. राजकुमार डुमरा, सरपंच हरविंद गोदारा, नमन सहारण, दलबीर सोनी, मदन थकान, अनिल खारिया, बंटी शर्मा, महेंद्र सोनी, विपिन सोनी, आर्यन सोनी, सुरजीत ढिल्लो आदि सम्मानित व्यक्ति शामिल हुए और इस पहल की सराहना की।

# हाईकोर्ट के आदेश का पालन करे पंजाब सरकार: सैलजा

- हरियाणा के लिए 4500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि पंजाब सरकार को अब तो कम से कम पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए हरियाणा के लिए 4500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ना चाहिए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि बांध की सुरक्षा के नाम पर उसके संचालन में बाधा डालना स्वीकार्य नहीं है। पंजाब को केंद्र के आदेश मानने होंगे। सांसद कुमारी सैलजा ने बृहस्पतिवार को मीडिया को जारी बयान में कहा कि पानी पर राजनीति नहीं होनी चाहिए, समझौते के अनुसार हरियाणा का उसके हिस्से का पानी मिलना चाहिए। उन्होंने हरियाणा के किसानों को राहत देने की दिशा में केंद्र सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि दो मई को हुई बैठक के आलोक में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हरियाणा को अतिरिक्त 4500 क्यूसेक कृषि जल तत्काल छोड़ा जाए। हरियाणा के किसान लंबे समय से जल संकट झेल रहे हैं। अब जब उच्च न्यायालय का स्पष्ट आदेश आ चुका है, तो इस पर टालमटोल करने का कोई औचित्य नहीं है। यह समय है जब केंद्र सरकार आगे आए और हरियाणा को उसका जल अधिकार दिलवाए।

### बीबीएमबी ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

कुमारी सैलजा ने कहा कि पानी को लेकर अभी तक पंजाब सरकार का रवैया हयोगात्मक नहीं रहा है, वह हरियाणा को एक बूंद पानी न देने की जिद पर अड़ा हुआ है। सांसद ने कहा कि बीबीएमबी कही पानी हरियाणा के लिए न छोड़ दे एक मई को पंजाब पुलिस द्वारा कथित रूप से भाखड़ा नंगल बांध के कंट्रोल रूम पर नियंत्रण लेने की घटना ने स्थिति को और जटिल बना दिया। बीबीएमबी ने इसे अपने अधिकारों में अवैध हस्तक्षेप करार देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बांध की सुरक्षा के नाम पर उसके संचालन में बाधा डालना स्वीकार्य नहीं है।

## समाधान शिविर : एसडीएम और सीटीएम ने सुनीं नागरिकों की शिकायतें

# रिहायशी एरिया में अवैध फैक्ट्री हटवाने की मांग

- लंबित शिकायतों के जल्द निपटान को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

नगराधीश गौरव गुप्ता ने अधिकारियों को कहा कि वे अपने विभाग में समाधान शिविर में प्राप्त लंबित शिकायतों का निपटान जल्द करवाना सुनिश्चित करें।

वीरवार को लघु सचिवालय में स्थित बैठक कक्ष में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश कुमार व नगराधीश गौरव गुप्ता संयुक्त रूप से नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। आज के समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों को सुना और उन्हें संबंधित विभाग को सौपते हुए जल्द से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में भाटिया कॉलोनी निवासी शकुंतला ने शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग से हुए नुकसान के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने, सुरेंद्र व अन्य ने जोहड़ पर नाजायज कब्जा हटवाने, धांगड़ निवासी सुखदेव ने ग्राम पंचायत में रंग रोगन में हुई धांधली की जांच बारे, मानावाली निवासी रणजीत सिंह ने बच्चों के आधार कार्ड बनवाने, झलनियां निवासी औम प्रकाश ने सिंचाई विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने, अजय कुमार ने योग नगर के रिहायशी एरिया में अवैध फैक्ट्री व गोदाम को हटवाने, चबलामोरी निवासी देवी लाल ने लाडली पेंशन योजना के अंतर्गत लाभ लेने बारे, अशोक नगर निवासी विकास ने इंतकाल की जांच करने, चिंदड़ निवासी चंद्रमोहन ने गांव के राजेश व राधेश्याम के खिलाफ कार्रवाई करने, सालमखेड़ा निवासी उर्मिला ने गांव के गुरमीत सिंह की निशानदेही पर कार्यवाही करने बारे, भूना निवासी ज्ञानचंद ने पेंशन बनवाने, जांडली खुर्द निवासी महेंद्र सिंह ने भूमिगत पाइप लाइन दबाने की स्वीकृति प्रदान करने, भिरड़ाना निवासी सुनील कुमार ने पंचायती राज विभाग द्वारा बनाए गए रास्ते के नीचे नहरी पानी के लिए पाइप डालने बारे, एडवोकेट सुशील बिश्नोई ने सीएम विंडो शिकायत की जांच बारे तथा महेंद्र सिंह ने बिजली विभाग द्वारा गलत बिल प्रस्तुत करने बारे अपनी शिकायत रखी।



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एसडीएम राजेश कुमार व सीटीएम गौरव गुप्ता। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिप सीईओ सुरेश कुमार, डीएसपी जगदीश काजला, जन परिवाद समिति सदस्य भारत भूषण गर्ग, डीडीपीओ अनूप सिंह, डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद तुली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एटीएम बदलकर 40 हजार की लगाई चपत

**सिरसा।** सिरसा सदर पुलिस ने गांव बरासरी निवासी लतीफ पुत्र आमिन खान की शिकायत पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में लतीफ ने बताया कि उसने माधोसिंघाना गांव के बस स्टेंड पर एटीएम से पैसे निकालने की कोशिश की। एटीएम में पहले से दो युवक मौजूद थे। एटीएम से पैसे न निकलने पर उन युवकों ने उसकी मदद करने की बात कहीं और उससे एटीएम लेकर दोबारा ट्राई किया। लेकिन मशीन से पैसे नहीं निकले। उन्होंने एटीएम उसे सौंपा और चले गए। वह एटीएम लेकर बैंक की ब्रांच पर पहुंचा, तभी उसे एटीएम बदले होने का अहसास हुआ।

### चेक बाउंस मामले में वांछित भगौड़ा काबू

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चेक बाउंस मामले में वांछित भगौड़े को शहर सिरसा क्षेत्र से काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी रामकुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान बलकरण सिंह पुत्र गुरमीत सिंह निवासी गांव चकेरियां जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ चेक बाउंस के मामले में विभिन्न धाराओं के तहत सिविल लाइन थाना सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि अदालत द्वारा आरोपी व्यक्ति को बार-बार नोटिस देने के बाद भी आरोपी अदालत से हाजिर नही हुआ। अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर अदालत द्वारा आरोपी को 18 सितंबर 2024 को भगौड़ा घोषित किया था।

### अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** डेरा सच्चा सौदा अस्पताल में दवा लेने गए व्यक्ति का अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव नेजाडेला कलां निवासी सुनील कुमार ने बताया कि बीती 7 मई की दोपहर को वह डेरा स्थित अस्पताल से दवा लेने के लिए गया था। अस्पताल के बाहर बाइक खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### महिला का बैग चोरी मामला दर्ज

**सिरसा।** ऐलनाबाद पुलिस ने परमजीत कौर पत्नी गुरदेव सिंह निवासी चक महंता वाला की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में परमजीत कौर ने बताया कि वह रिश्तेदारी में मिलने के लिए सिरसा आई थी और यहां से वह गांव मेहनाखेड़ा गई और वहां से ऐलनाबाद पहुंची। उसने बताया कि बस से उतर कर वह लघु शंका के लिए गई, इसी दौरान अज्ञात युवक उसका बैग उठाकर ले गया। बैग में 15 हजा रुपये की नगदी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ मामला दर्जकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### श्रमिकों के लिए लगा कानूनी सहायता कैंप

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला के आदेशानुसार गांव नटार में असंगठित श्रमिकों के लिए नालसा स्कीम के तहत कानूनी सहायता कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप का संचालन एडवोकेट हर्ष बंसल द्वारा किया गया। एडवोकेट हर्ष बंसल ने प्रामीणों को श्रमिकों के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा असहाय और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी, जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है।

## फतेहाबाद में जिला परिषद की बैठक का आयोजन

# पार्षदों ने दिया अपनी एक एकड़ भूमि में धान नहीं बोने का शपथ पत्र

- मीटिंग में फतेहाबाद में मेडिकल कॉलेज देने व एक देश-एक चुनाव का प्रस्ताव पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। जिला परिषद बैठक में विधायक परमवीर सिंह का स्वागत करते चेयरमैन सुमन खिचड़। फोटो : हरिभूमि

फतेहाबाद में जिला परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में टोहाना के विधायक परमवीर सिंह ने भी शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की चेयरपर्सन सुमन खीचड़ ने की। बैठक में 18 में से 14 पार्षद मौजूद रहे। बैठक में पार्षदों ने यह प्रस्ताव पास किया कि फतेहाबाद में बन रहे 200 बेड के सिविल अस्पताल को ही मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिया जाए। इसके अलावा एक देश-एक चुनाव सहित कई प्रस्ताव पास किए गए। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार की ओर से टोहाना हलके के गांव रसूलपुर में संत रविदास के नाम पर मेडिकल कॉलेज बनाने का ऐलान किया हुआ है। इसके लिए जमीन भी ट्रांसफर हो चुकी है, मगर अभी तक मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजन नहीं हुआ है।

बैठक में पेयजल की कमी का मुद्दा भी उठा। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों के गांवों में पानी की कमी के बारे में अधिकारियों को अवगत करवाया। पार्षदों ने टैंकों में पानी स्टोरेज की क्षमता के बारे में भी पूछा। मीटिंग में एसडीओ सतपाल रोज ने पार्षदों को पेयजल की व्यवस्था संबंधी जानकारी दी। चेयरपर्सन सुमन खीचड़ ने बताया कि जिला मुख्यालय के सिविल अस्पताल को मेडिकल कॉलेज बनाने, गांव बरसीन में बनाई गई बालिका पंचायत की तर्ज पर पूरे प्रदेश में बालिका पंचायत का गठन करने, जल संरक्षण करने वाली पंचायतों को सम्मानित करने, एक देश-एक चुनाव के साथ भाखड़ा का पानी रोकने पर पंजाब सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया गया है। पार्षदों ने कहा की एक राष्ट्र एक चुनाव से वह सहमत है, लेकिन चुनाव बैलट पेपर से करवाया जाना चाहिए। टोहाना के विधायक परमवीर सिंह ने भी इसी बात को लेकर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कई देशों में बैलेट पेपर से चुनाव होते हैं। भारत में भी बेलेट पेपर से चुनाव होने चाहिए। जिला परिषद की मीटिंग के दौरान जल बचाने वाले ग्राम पंचायतों के सम्मानित करने का प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में वहीं सभी पार्षदों को एक-एक फॉर्म दिया गया। जिसमें उन्होंने अपनी सहमति से अपनी एक एकड़ भूमि में धान की बुआई ना करने का शपथ पत्र दिया, ताकि पानी को बचाया जा सकें।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर वाइस चेयरपर्सन कैलाशो देवी, बंटी गढ़वाल, रामनिवास झाझड़ा, गुगन गोदारा, अंजू सिहाग, पूजा जांगड़ा, प्रवीण कुमार, अनूप कुमार, राकेश चोयल मौजूद रहे।



सिरसा। रमेश साहुवाला मुख्यातिथि चूली को स्मृति चिहन भेट कर सम्मानित करते हुए।

# अभ्यास, प्रशिक्षण से प्रतिभाओं को निखारना सरल: चूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

म्यूजिक विडियो के निर्देशक चूली ने लायंस क्लब सिरसा अमर द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि कहा कि प्रतिभा एक असाधारण प्राकृतिक क्षमता है जो विशेष रूप से बच्चों में गीत-संगीत, नृत्य व अन्य विधाओं के माध्यम से परिलक्षित होती है।

बच्चों के अंदर की प्रतिभा को अभ्यास और प्रशिक्षण से विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों में ज्यों-ज्यों बुद्धि, प्रज्ञा, ज्ञान, समझ का समावेश होता है त्यों-त्यों बच्चे की प्रतिभा निखरती रहती है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी व्यक्ति की स्वाभाविक योग्यता और कौशल को दर्शाती है जो उसे विशिष्ट भूमिकाओं के लिए उपयुक्त बनाती है जिससे बच्चे रचनात्मकता, अनुकूलनशीलता, नेतृत्व गुण और प्रभावी ढंग से सहयोग करने की क्षमता प्राप्त करते हैं। चूली ने कहा कि इस समय भारत के युवा अपनी प्रतिभा के बल पर नित नए क्षेत्रों में स्टार्टअप्स स्थापित कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि उन्होंने अब तक सौ से भी ज्यादा म्यूजिक वीडियो बनाए हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे अपने आगामी वेब सीरीज और पंजाबी गानों में हरियाणा व पंजाब के कलाकारों को मौका देंगी जिसमें विशेष रूप से सिरसा के बच्चों को शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर लक्ष्मी वर्मा, भावना राजपूत, सुशील वर्मा, रीना, नीलम, ममता, दीपा, पारूल, रजनी, कोमल, सोनम, रचना, पायल, बिंदु आदि मौजूद थे।

# रतिया नगर पालिका प्रधान व उपप्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, 22 को वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

- देर रात को नगर पालिका कर्मचारियों ने पार्षदों को बांटे नोटिस


रतिया नगर पालिका प्रधान प्रीति खन्ना व उप प्रधान जोगिंदर नंदा के खिलाफ पिछले तीन मीना से अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मोर्चा खोल चुके विरोधी पार्षदों के विरोध को उस वक्त सफलता हांसिल जब उपायुक्त मनदीप कौर ने अविश्वास प्रस्ताव को लेकर तारीख की घोषणा कर दी। 22 मई को फतेहाबाद के लघु सचिवालय के कमरा नंबर 32 बैठक कक्ष में दोपहर 3 बजे प्रधान व उप प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर वोटिंग करवाई जाएगी। अविश्वास प्रस्ताव बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया द्वारा की जाएगी।

बता दें कि 4 मार्च को नगर पालिका के 17 में से 14 कांग्रेस पार्षदों ने नगर पालिका प्रधान प्रीति खन्ना व उप प्रधान जोगिंदर नंदा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए उपायुक्त से मिलने फतेहाबाद पहुंचे थे। हालांकि उपायुक्त की गैर मौजूदगी में पार्षद एडीसी अनुराग ढालिया से मिले और अपने शपथ पत्र देकर जल्द से जल्द अविश्वास प्रस्ताव की तारीख देने की मांग की थी। अविश्वास प्रस्ताव पेश करने पहुंचे पार्षदों में गुरप्रीत गोपी, विजय गर्ग, अजमेर सिंह, गौरव शर्मा, अजय गुप्ता, सतपाल सिंह, रेखा रानी, वीरपाल कौर, नीरू बाला, पिंकी, गुरविंदर सिंह, धीरज कुमार, सुमन रानी, हैप्पी सहित 14 पार्षदों ने कहा था कि नगर पालिका अध्यक्ष व उपाध्यक्ष अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करने में असमर्थ हैं और वह नगर पालिका में अपना विश्वास खो चुकी हैं इसलिए हम सभी पार्षद दोनों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाना चाहते हैं। हालांकि उसके बाद विरोधी पार्षद दो बार फतेहाबाद से मिलने की कोशिश की लेकिन उपायुक्त ने पार्षदों को समय नहीं दिया। इसके बाद पार्षदों हाई कोर्ट की शरण ली। बताया गया है कि हाई कोर्ट ने उपायुक्त को वीरवार को इस मामले में अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए तथा हाई कोर्ट के इस मामले में दखल देने के बाद उपायुक्त ने वीरवार को हाई कोर्ट में अपना पक्ष रखने से पहले ही देर शाम को 22 मई को अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पत्र जारी कर दिया।

# जीवन में वाणी का बड़ा महत्व : मुनि सत्यप्रकाश

- एस.एस. जैन सभा में आयोजित धर्मसभा को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। एसएस जैन सभा में प्रवचन करते जैन संत सत्यप्रकाश महाराज।

दूसरों को अपने वश में करने का एक ही सूत्र है वाणी में माधुर्य और मिठास। जितना हम मीठा बोलेंगे दूसरे उतने ही हमारे बनते जायेंगे यह उद्गार ज्योतिषाचार्य, वचन सिद्ध उप प्रवर्तक सत्य प्रकाश मुनि ने प्रवचनों के दौरान कही। जैन संत पंजाब नेशनल वाली गली में स्थित एस.एस. जैन सभा में आयोजित धर्मसभा को संबोधित कर रहे थे। जैन मुनि ने कहा कि मधुर वाणी से पशु तक प्रभावित हो जाते हैं तो इंसान कितना प्रभावित होगा, क्योंकि जीवन में वाणी का बड़ा महत्व है। वाणी ही घर को स्वर्ग भी बना सकती है और घर को नर्क भी बना सकता है। बोली गई वाणी से दुश्मन भी बना सकता है और मित्र भी बना सकता है। हमें वाणी पर संयम रखना चाहिए क्योंकि वाणी का संयम हमें शांति सुख देता है।

उन्होंने कहा कि आज हमारी हालत है कि हम मीठा खूब खाते हैं पर मीठा नहीं बोलते। इस जीभ को वश में रखने के लिए 32 दांत रूपी दो होंठ रूपी पहरेदार रखे हैं। इस जीभ के कोई हड्डी नहीं होती, लेकिन लोगों की हड्डियां तुड़वा देती है। मौन के फायदे बताते हुए उन्होंने कहा कि हम जितना मौन रहते हैं उतना ही हमारी इज्जत बढ़ेगी क्योंकि ज्यादा बोलने वाले का अपमान ही होता है। आज आदमी बोलता कम है बड़बड़ाता ज्यादा है। जिसे सुनकर आदमी को क्रोध आता है। अतः मीठा बोलो सुख का दरवाजा खोलो।

इस अवसर पर समर्थ मुनि जी महाराज ने कहा कि जब व्यक्ति दुखी होता है तब सोचता है मुझे दुख क्यों आया। एक बात निश्चित है कि कोई किसी को दुख नहीं दे सकता। हमारे कर्म अशुभ हो, तभी हम दुखी हो सकते हैं। दुखी होते हैं कर्म से,लेकिन कर्म कौन देता है। क्या हमें कोई जबरदस्ती कर्म देता है। नहीं ना तो फिर कर्म कहां से आता है। उन्होंने कहा कि पाप से कर्म आते हैं। परमात्मा के नाम सिमरन से हम मुक्त बन सकते हैं। इस अवसर पर मनोहर लाल जैन, नितिन जैन, मोहित जैन, लक्की जैन, डब्बू जैन, कृष्ण लाल गुप्ता, रमेश जैन, बिमल जैन, पप्पी जैन, चन्द्र यश जैन, अशोक जैन, शिव जैन, कुणाल जैन, सुरेश जैन व मुनीत जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

# सेना का पराक्रम सराहनीय: नागरिक परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। बैठक में भाग लेते राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि।

सिरसा क्लब सभागार में वीरवार को नागरिक परिषद की बैठक हुई जिसमें वर्तमान माहौल में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक एकजुटता एवं राष्ट्रधर्म को लेकर विचार व्यक्त किए गए। बैठक में शहर के सभी प्रबुद्धजनों ने ऑप्रेशन सिंदूर में सेना के पराक्रम की सराहना की। इस अवसर पर सभी राजनीतिक दलों के अलावा सामाजिक व आध्यात्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान इनेलो जिलाध्यक्ष जसबीर सिंह जस्सा, जेजेपी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, संघ के जिला संघ चालक राजकुमार ग्रोवर, जिला कार्यवाह स. जगतार सिंह, पूर्व जिला संघचालक डॉ. सुरेंद्र मल्होत्रा, राजेंद्र रातुसरिया, संजीव काठपाल, सुरेंद्र भाटिया, वीरभान मेहता, पद्मश्री सरदार गुरविंद्र सिंह, रमेश गोयल, जीएस मान, राम सिंह यादव, प्रेम बजाज, नवीन केडिया, अमीर चावला, मोहित शर्मा, डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान, चंद्रपाल योगी, बृजमोहन शर्मा, मनीष सिंगला, रमेश मेहता एडवोकेट, प्रवीण बागला, आनंद बियानी, कस्तूरी छाबड़ा, हरबंस नारंग, चंद्रशेखर मेहता, अश्विनी बांसल, कीर्ति गर्ग, चंद्रपाल योगी, मनीष सिंह सहित काफी संख्या में गणमान्यजन मौजूद थे। सभी ने एकस्वर में भारत के वीर व पराक्रमी सैनिकों की भूरी भूरी प्रशंसा की। भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा ने कहा कि सरकार और सेना ने तो अपना अपना धर्म निभा दिया अब नागरिकों की बारी है। उन्होंने कहा कि अफवाहें नहीं फैलानी है और जो फैला रहा है उस पर पूरी नजर रखें। कुछ लोग सोशल मीडिया का गलत फायदा उठाकर सौहार्द बिगाड़ना चाहते हैं।

### ओढ़ां पैक्स का चुनाव 14 मई को

- 10 सदस्यों की उपस्थिति में चुनाव शांतिपूर्वक करवाया जाएगा

**ओढ़ां।** दि ओढ़ा बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लिमिटेड (पैक्स) के प्रधान व अन्य पदाधिकारियों का चुनाव 14 मई को ओढ़ा पैक्स कार्यालय में होगा। जानकारी देते हुए ओढ़ा पैक्स के प्रबंधक कुलविन्द्र सिंह ने बताया कि वेद प्रकाश निरीक्षक सहकारी समितियां सिरसा के आदेशानुसार 14 मई को पैक्स के सभी 10 सदस्यों की उपस्थिति में चुनाव शांतिपूर्वक करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस का भी प्रबन्ध किया जाएगा। बता दें कि पैक्स कमेटी के चयनित सदस्यों में टेक सिंह चोरमार, भोला सिंह जलालआना, परमजीत कौर व जगसीर सिंह ओढां, रामनाथ ख्योवाली, परमजीत कौर ओढां, बलजिन्द्र सिंह मिठड़ी, रविन्द्र वर्मा व भजन लाल नुहियांवाली तथा राजेन्द्र कुमार ओढां के नाम शामिल हैं।

## न्यूज डायरी

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हरियाणा ने जीता कांस्य पदक

**सिरसा।** बिहार के गया जिला में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में गतका मुकाबलों में हरियाणा ने कांस्य पदक जीत कर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा है। हरियाणा गतका टीम मैनेजर स्वर्ण सिंह रतिया ने बताया कि हरियाणा राज्य से 11 गतका बाजो ने भाग लिया था। इन मुकाबलों में हरियाणा की ओर से निशा ने तमिलनाडु को 22 अंकों से, रिया ने जम्मू कश्मीर को 26 अंकों से व मनदीप ने छत्तीसगढ़ को 20 अंकों से हराया। इन मुकाबलाओं में गतका खिलाड़ी प्रेरणा, अमनदीप कौर, रिया शर्मा, नेहा, रिया, जगजोत सिंह, गुरप्रेम सिंह, जुगजीत सिंह व हरविंद्र सिंह का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। प्रतियोगिताओं के दौरान हरियाणा गतका टीम कोच खुशविंदर ने गतका खिलाड़ियों का भरपूर हौंसला बढ़ाया।

### जिला कुम्हार सभा के चुनाव आठ जून को

**सिरसा।** जिला जिला कुम्हार सभा की नई प्रबंधक कार्यकारिणी का गठन करने के लिए चुनाव आगामी 8 जून को कुम्हार धर्मशाला में करवाए जाएंगे। चुनाव रिटर्निंग अधिकारी खेता राम कुलचानिया एडवोकेट ने बताया कि समस्त चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए बतौर रिटर्निंग अधिकारी उन्हें नियुक्त किया गया है। रिटर्निंग अधिकारी की देखरेख में प्रधान, उपप्रधान, सचिव, कोषाध्यक्ष, कमेटी सदस्य व चार कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव करवाऐ जाएंगे, जिसमें नामांकन भरने की तिथि आगामी 12 मई से 14 मई तक रहेगा। नामांकन की जांच आगामी 15 मई को होगी तथा नामांकन वापसी प्रक्रिया आगामी 16 मई से 18 मई तक रहेगी।

### बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक का कार्य सराहनीय: सिसोदिया

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महावीर दल में वीरवार को बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वैलफेयर ट्रस्ट की ओर से प्रार्थना सभा के दौरान 1063 विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्टेशनरी दी गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी व सुनील वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि किताबों व स्टेशनरी के अभाव में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे यही ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर सिसोदिया ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों की मदद में ट्रस्ट अपना अहम योगदान दे रही है जिसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी, महासचिव प्रेम कंदोई, अनिल सैनी, रतन डूरेजा, मुख्याध्यापक राजाराम जालंधरा हरियाणा प्राइमरी टीचर एसो. के जिला प्रधान गोविल सिसोदिया सहित अन्य मौजूद रहे।

### सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कमजोर पासवर्ड रखना, साइबर अपराध को निमंत्रण देना: एसपी

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. मयंक गुप्ता ने कहा कि आज के दौर में हर काम इंटरनेट पर निर्भर हो रहा है। तमाम तरह के वित्तीय लेनदेन मोबाइल के माध्यम से हो रहे हैं। जैसे-जैसे वित्तीय लेनदेन को लेकर मोबाइल व इंटरनेट पर निर्भरता बढ़ी है, वैसे-वैसे साइबर ठगी की घटनाओं में भी तेजी से इजाफा हो रहा है। कमजोर पासवर्ड होने की वजह से भी हम कई बार साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अटैक से बचने हेतु मजबूत पासवर्ड का अहम योगदान हो सकता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि लोगों को साइबर अपराधियों से बचाने के लिए जिला पुलिस द्वारा समय-समय पर सेमिनार में गोष्ठियों के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कर साइबर क्राइम बारे जागरूक किया जा रहा है।

### आतंकवाद के खिलाफ सेना की कार्रवाई सराहनीय, बने ठोस रणनीति: इंदौरा

**सिरसा।** पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा ने भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ आप्रेशन सिंदूर अभियान के तहत की गई कार्रवाई को सराहनीय बताया और इस ऐतिहासिक कार्रवाई के लिए भारतीय सेनाओं के साहस की प्रशंसा की। डॉ. इंदौरा ने कहा कि भारतीय सेना ने अपार साहस के साथ पहलगाम में मारे गए सैलानियों के बलिदान का बदला आप्रेशन सिंदूर अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए आतंकवादियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। सेना की इस कार्रवाई ने एक तरह से आतंकवादियों की कमर तोड़ने का काम किया है।

### महाराणा प्रताप जयंती पर हुई प्रतियोगिताएं

**सिरसा।** जिला के गांव भरोखां के संगम स्कूल में महाराणा प्रताप जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत क्विज-कॉन्टेस्ट एवं ड्राइंग कंपीटिशन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कल्पना और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इसके बाद भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप के जीवन और उनकी वीरता पर भाषण दिए। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप के जीवन और उनकी उपलब्धियों पर निबंध लिखे। क्विज-कांटेस्ट में रैपिड रीडर्स हाउस की सिमरन और आर्वी ने प्रथम तथा इनक्रेडिबल्स हाउस के युवराज और जशनदीप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ड्राइंग कंपटीशन में काव्य नेहरा प्रथम, यशदीप पंधू द्वितीय और वासु रोज तथा रचना ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में निधि बाबल ने प्रथम, आर्वी कंबोज द्वितीय तथा मोनिका राहड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं कनिष्ठ वर्ग में पायल रानी प्रथम और रीतिका महला द्वितीय रही।

**बैठक** आईएमए भवन में बैठक में लिया निर्णय, चार सदस्यीय कमेटी प्रशासन से करेगी तालमेल

# युद्ध आपदा की स्थिति में घायलों का निःशुल्क उपचार करेगी आईएमए: डॉ. वेद बैनीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। पत्रकारों से बातचीत करते आईएमए के स्टेट पैटर्न डा. वेद बैनीवाल।

भारतीय सेना ने जिस जांबाजी के साथ आप्रेशन सिंदूर अभियान से आतंकवाद को जवाब दिया है, वो काबिलेतारीफ है। जब-जब देश पर विपदा आई है, चाहे वो प्राकृतिक हो, महामारी हो या युद्ध की स्थिति हो, आईएमए ने बिना किसी झिझक के अपने आप को प्रथम पंक्ति में खड़ा कर आमजन की सेवा की है। वर्तमान हालातों को देखते हुए आईएमए सिरसा की ओर से निर्णय लिया गया है कि यदि आपदा की स्थिति उत्पन्न होती है तो आईएमए घायलों का निःशुल्क उपचार करेगी। इसके लिए, जिला प्रशासन के साथ मिलकर एक कमेटी गठित कर प्लान तैयार कर लिया गया है। उक्त जानकारी आईएमए के स्टेट पैटर्न डा. वेद बैनीवाल ने वीरवार को मीडिया से रू-ब-रू होते हुए दी। इस मौके पर उनके साथ सचिव डा. तनुज मेहता, डा. एसपी शर्मा, डा. जीके अग्रवाल, डा. वीरेश भूषण, डा. आरएम अरोड़ा, डा. आशीष खुराना, डा. आशीष अरोड़ा, डा. अभिषेक खुराना, डा. अमित वासिल भी मौजूद थे। इस मौके पर डा. बैनीवाल ने कहा कि जब-जब आपातकालीन स्थितियां पैदा हुई है, सरकार का, प्रशासन का व जनता का पूरा सहयोग रहा है। सिरसा का ये इतिहास रहा है कि हर परिस्थिति में आईएमए ने स्वयं आगे आकर जनसेवा की है। कोरोना काल के समय जब रक्त का अभाव था, उस समय भी आईएमए ने स्वयं परिजनों से शिविर लगवाकर रक्तदान कर लोगों की जानें बचाई थी। इस मौके पर जिला प्रधान डा. गौरव मेहता ने बताया कि मौजूदा हालातों को देखते हुए आईएमए भवन में संगठन से जुड़े चिकित्सकों की आपातकालीन मीटिंग हुई थी, जिसमें इस पूरे अभियान को लेकर विचार करने के बाद मूर्त रूप दिया गया। इसके लिए प्रशासन के साथ मिलकर काम करने के लिए आईएमए के डॉक्टरों की चार सदस्यीय समन्वयक कमेटी, जिसमें डा. जीके अग्रवाल, डा. एसपी शर्मा, डा. आशीष खुराना व डा. वीरेश भूषण शामिल हैं, इस अभियान का नेतृत्व करेगी और सरकार की ओर से जो भी आदेश होंगे, उनकी पालना तुरंत प्रभाव से की जाएगी। प्रथम दृष्टया संजीवनी अस्पताल को घायलों के उपचार के लिए बेस के रूप में चुना गया।

**श्री दुर्गा महिला महाविद्यालय टोहाना।**
(सीडीएलयू सिरसा से संबंधित)
Ph. 9541854176,
sdmcollegetohana@gmail.com

**आवश्यकता**

प्राचार्य (महिला/ पुरुष) यूजीसी / सीडीएलयू सिरसा के नियमानुसार नियमित आधार पर।

जरूरी योग्यता- पीएचडी, महाविद्यालय स्तर पर 15 वर्षों का अध्यापन एवं API score संबधित दस्तावेजों सहित लिखित आवेदन 21 दिनों के भीतर डाक या दस्ती प्रधान श्री दुर्गा महिला महाविद्यालय टोहाना को एव डीन ऑफ कालेजिज सिरसा को भेजे।

प्रधान

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर एमएम कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन, संस्थापक हेनरी को किया याद

## युवा एक यूनिट रक्तदान कर तीन लोगों की बहुमूल्य जिंदगियों को बचा सकते हैं : डॉ. मीनाक्षी कोहली

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर नई उम्मीद संस्था के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी व यूथ रेडक्रॉस एमएम कॉलेज फतेहाबाद द्वारा खुशी नई उम्मीद संस्था के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एमएम कॉलेज प्रांगण में आयोजित इस शिविर का शुभारंभ बतौर कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास व यूथ रेडक्रॉस कोर्डिनेटर डॉ. मीनाक्षी कोहली द्वारा किया गया। शिविर में रक्तदान को लेकर युवाओं में काफी उत्साह नजर आया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों और अतिथियों ने पिछले दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजली अर्पित की गई और भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर चलाकर आतंकवादियों पर की गई कार्रवाई की सराहना की गई। रक्तदान शिविर में खुशी नई उम्मीद संस्था के गोल्डर ब्लड डोनर सिकंदर सोनी भोडियाखेड़ा ने 51वीं बार व सुरेन्द्र चुघ ने 11वी बार ब्लड डोनेट कर युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव रामजी लाल मौजूद रहे वहीं सफाई कर्मचारी रोहताश की बेटी सपना विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल रही। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए डॉ. मीनाक्षी कोहली ने कहा कि एक रक्तदान लगभग 3 लोगों की जान बचा सकता है। इस प्रक्रिया में केवल 15-20 मिनट लगते हैं और यह पूरी तरह से दर्द रहित है। 18 से 65 वर्ष की आयु के स्वस्थ लोग आसानी से रक्तदान कर सकते हैं।रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट मूवमेंट के संस्थापक हेनरी डुनेंट की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। जिला रेडक्रासॅ सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने कहा कि आज हम वैश्विक तौर पर अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे है। चाहे वो प्राकृतिक आपदाएं हो या मानवीय संकट। इस समय में रेड क्रॉस के कार्य और उसकी सेवा भावना पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गई है। खुशी नई उम्मीद संस्था के चेयरमैन गोपाल बंसल ने शिविर में रक्तदान करने वालों युवाओं का धन्यवाद किया। अंत में प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने अतिथियों का धन्यवाद करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में जिला रेडक्रास सोसायटी से डिप्टी सुपरीडेंट सुरेन्द्र चुघ, जिला प्रशिक्षण अधिकारी दलबीर सिंह, रामप्रताप, जेआरसी जिला कोर्डिनेटर कृष्ण कुक्कड़, जेआरसी काउंसलर अंजू रानी, खुशी नई उम्मीद संस्था के चेयरमैन गोपाल बंसल, फतेहाबाद प्रभारी सुशीला मताना, सत्यप्रकाश बीसला के अलावा कॉलेज स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



फतेहाबाद। विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित शिविर में रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते अतिथिगण व कॉलेज स्टाफ सदस्य।

### महिला कॉलेज में रेडक्रॉस दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

*रतिया। शहीद दविन्द्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय रेडक्रॉस सोसायटी के संयोजन एवं प्राचार्य परमजीत संधा की अध्यक्षता में किया गया। रेडक्रॉस प्रभारी प्रो. जसबीर ने छात्राओं को बताया कि प्रत्येक वर्ष 8 मई को अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है जो मानवता, सेवा और करुणा के प्रतीक रेडक्रॉस संस्था के महान कार्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिन है। यह दिवस रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनांट की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्होंने युद्धग्रस्त क्षेत्रों में घायल सैनिकों की सेवा के लिए इस वैश्विक संगठन की स्थापना की थी। रेडक्रॉस संस्था प्राकृतिक आपदाओं, युद्धों और महामारी में मदद करती है।*

## रेडक्रॉस वालंटियर्स ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में नागरिक अस्पताल में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ब्लड बैंक में रेडक्रॉस के वॉलिंटियर्स ने रक्तदान किया, वहीं नागरिक अस्पताल सिरसा के प्रसूति वार्ड में गर्भवती महिलाओं को फल वितरित किए गए। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि हर साल आठ मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया जाता है। आज इसी उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में 194 स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों के माध्यम से 9873 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसके अलावा, 12468 लोगों को बेसिक फस्र्ट-एड ट्रेनिंग, 1232 लोगों को प्रोफेशनल फस्र्ट-एड, होम नर्सिंग व सीपीआर ट्रेनिंग तथा 1480 छात्र-छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, मोहाली के सहयोग से जिले के 695 दिव्यांग व्यक्तियों को एक करोड़ 74 लाख 55 हजार 907 रुपए मूल्य के कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस वर्ष 10 नशामुक्ति सेमिनार, एक टीबी स्क्रीनिंग और 6 हेल्थ चेकअप कैंप भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर डॉ. समता व अन्य मौजूद रहे।



सिरसा। शिविर में रक्तदान करते रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स।

## खबर संक्षेप

### पन्नीवाला मोटा 'म्हारी लाडो रीत' की शुरू

**ओढां।** गांव पन्नीवाला मोटा की ग्राम पंचायत ने सराहनीय पहल करते हुए गांव में म्हारी लाडो रीत शुरू कर रखी है। सरपंच ने अपने चुनावी वादे में ये घोषणा की थी कि म्हारी लाडो रीत के तहत वे गांव में गरीब परिवार की बेटी की शादी के पर अपने निजी कोष से 5100 रुपये शगुन के रूप में देंगे। जिसके तहत सरपंच मंजूबाला बैनीवाल अब तक गांव में करीब 20 परिवारों की बेटियों की शादी में शगुन दे चुकी हैं। गांव के लोग सरपंच की इस सराहनीय सोच की प्रशंसा कर रहे हैं। ग्राम सरपंच मंजूबाला बैनीवाल ने बताया कि उन्होंने चुनाव से पूर्व ग्रामीणों से जो वादे किए थे वे उन सभी वादों पर खरा उतरने हेतु प्रयासरत हैं।

### चोरी के आरोप में युवती गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने गांव नहला के घर से चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवती को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़ी गए युवती को जमानत पर रिहा किया गया है। थाना भुना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 15 जनवरी को गांव नहला निवासी सुदेश की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपने पीहर गई हुई थी। जब वह वापिस आई तो देखा घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। जब कमरे के अंदर जाकर देखा तो संदूक का ताला टूटा हुआ था व संदूक में रखी एक पिस्तौल, 10 जिंदा कारतूस, सोने व चांदी के आभूषण व 20 हजार नगद रुपये कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया है।

### मारपीट के आरोप में युवक गिरफ्तार, केस

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने एम्पलाइज कॉलोनी में आपसी लड़ाई झगड़े में मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है। पकड़े गए युवक की पहचान सुखपाल सिंह पुत्र पोहला सिंह निवासी कँवलगढ़ के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 16 मार्च को को रतिया निवासी प्रीत सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### बिजली की वोल्टेज कम-ज्यादा आने से गोशाला में लाखों का नुकसान

**रतिया।** गत दिन बरसात के मौसम में बिजली की वोल्टेज कम ज्यादा होने से श्री कृष्ण गौशाला रतिया में लाखों रुपए के बिजली के उपकरण जल गए। यह जानकारी देते हुए श्री कृष्ण गौशाला कमेटी के प्रधान छिंदरपाल दानेवालिया ने बताया कि गत दिन बरसात के मौसम में बिजली कम ज्यादा आने से श्री कृष्ण गौशाला रतिया में लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। उन्होंने बताया कि बिजली कम ज्यादा आने से गौशाला में लगे सोलर पैनल, धर्मकांटे के लोड सेल, इनवर्टर बैटरियां, वाई-फाई एलईडी टीवी वगैरा कई उपकरण जल गए हैं।

### चोरी की तीन बाइक सहित तीन काबू

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गुरूवार को तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान पवन पुत्र साहब सिंह, दिनेश पुत्र सुरेंद्र सिंह, करण सिंह पुत्र गुरमेल सिंह निवासी फतेहपुरी टोहाना के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जा से चोरी हुई तीन बाइक भी बरामद की है।

## नटराज पैंसिल पैकिंग के नाम पर भूना के ट्रांसपोर्टर से हजारों रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

साइबर ठगों ने पैंसिल पैकिंग के नाम पर भूना के एक युवक को अपने जाल में फंसाते हुए उससे हजारों रुपये हड़प लिए। इस बारे पीड़ित युवक की शिकायत पर साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस को दी शिकायत में भूना निवासी रोहित कुमार ने कहा है कि वह भूना में महालक्ष्मी ट्रांसपोर्ट का काम करता है। 24 अप्रैल को उसने यूट्यूब पर एक ऐड देखी जिसमें नटराज पैंसिल की पैकिंग का काम करना था। इस पर जब उसने ऐड में दिए गए नंबर पर फोन किया और काम बारे पूछा तो उसने बताया कि उसे यह काम करने के लिए 650 रुपये इन्ट्री फीस देनी होगी। इसके बाद पैमेंट के लिए उसे व्हाटसएप पर क्यूआर कोड भेजा। इसके बाद उसने उक्त क्यूआर कोड को स्कैन करके पैमेंट कर दी। इसके बाद उसे बताया कि उसका पास बनेगा, जिसके लिए उसे 4150 रुपये देने होंगे। उसने यह राशि भी ट्रांसफर कर दी। इसके बाद उसे कहा गया कि उसने अलग-अलग राशि भेजी है, यह राशि उसे एक साथ भेजनी थी। इसके बाद उसने उनके द्वारा दिए गए फोन पे नंबर पर यह राशि भेजी।

## निःस्वार्थ भाव से करें भगवान की भक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

यदि हमारे हृदय में सच्ची भक्ति होगी तो हम भी भगवान बन सकते हैं। भक्ति का मार्ग सच्चा व निराला है। जो भी इंसान भक्ति में डूबा है, वह संसार से पार हो गया और जो संसार में डूबा है वह डूब गया। यह प्रवचन आगम ज्ञात योगीराज गुरुदेव अरुण चंद महाराज के सुशिष्य एवं ओजस्वी वक्ता गुरूदेव अमन मुनि महाराज ने ठाकर बस्ती स्थित जैन स्थानक में पहुंचे श्रद्धालुओं से कहे। फतेहाबाद आगमन के दूसरे दिन आज काफी संख्या में श्रद्धालु जैन स्थानक में पहुंचे और गुरूदेव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं को भक्ति का महत्व बताते हुए अमन मुनि जी महाराज ने कहा कि भक्ति कई तरह क होती है जिसमें एक भीलनी भक्ति है। इस भक्ति में हृदय में पवित्र जोत जल जाए तो परमात्मका को मिल सकते हैं। दूसरी भक्ति है लिनी, जिसमें हमारी किसी भी तीर्थ व गुरू पर श्रद्धा नहीं टिकती है। हमेशा हिलती रहती है। वह इंसान अनन्त जन्म तक भी भटकता रहता है। उन्होंने कहा कि यदि भव पार होना है तो सच्ची भक्ति की हृदय में जगह बनाए। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति का मतलब है, भगवान के प्रति निष्ठा और समर्पण से जुडऩा, और उनके बिना एक क्षण का भी वियोग सहन न करना। अमन मुनि जी महाराज ने कहा निस्वार्थ भाव से भगवान की पूजा करें और जीवन में जो भी मिलता है।


फतेहाबाद। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुगण।

## जिला रोजगार मेले में 9 युवाओं का हुआ प्राथमिक स्तर पर चयन

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय फतेहाबाद में वीरवार को बेरोजगार प्रार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार दिलवाने हेतू एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में श्री श्याम बायो फर्टिलाइजर्स, भारत फाइनेंसियल लिमिटेड, पुखराज हेल्थकेयर तथा एकता हनी कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती हेतू साक्षात्कार लिये गये। मेले का शुभारंभ करते हुए जिला रोजगार अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने मेले में आये हुए प्रार्थियों को निजी तथा स्वरोजगार के क्षेत्र में नौकरी व कार्य के अवसरों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने प्रार्थियों को एनसीएस पोर्टल पर पंजीकरण बारे में भी बताया कि किस प्रकार एनसीएस पोर्टल पर पंजीकरण करके देशभर में निजी क्षेत्र की नौकरियों की जानकारी हासिल की जा सकती है। इस मेले में कुल 9 प्रार्थियों का प्राथमिक स्तर पर चयन हुआ है।




## साइबर ठगी के मामले में तीन युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

साइबर ठगी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इस युवकों पर तीन गुणा पैसे करने का लालच देकर रूपये ठगने का आरोप है। पकड़े गए युवक की पहचान योगेश पुत्र राज कुमार निवासी भजनपुरा, दिल्ली, सचिन कुमार पुत्र जय सिंह निवासी सोनिया विहार दिल्ली व साहिल पुत्र मोहम्मद शमशाद निवासी ओल्ड मुस्तफाबाद, दिल्ली हाल गरिमा गार्डन जिला गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। आरोपी युवकों से पुलिस द्वारा वारदात में प्रयोग किए तीन मोबाइल फोन व 16 हजार रूपये की नगदी बरामद की गई है। साइबर थाना फतेहाबाद प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 4 फरवरी को गांव करनौली निवासी विक्रमपाल की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह प्राइवेट अध्यापक है। इसने गूगल पर टास्क ग्रुप बारे लिंक देखा और उसे ज्वाइन कर लिया और 40 दिन तक उस ग्रुप को मै देखता रहा। ग्रुप में मुझे लालच देने लगे कि जो पैसे भेजोगे उसके तीन गुणा आपको वापिस मिलेंगे। इसके बाद वह इनके झांसे में आ गए और उसने अलग अलग तारीख को 2 लाख 70 हजार रुपये डाल दिए। करीब 20 दिन बाद जब वह पैसे निकालने लगा तो पैसे नहीं निकले। तब उसे शक हुआ कि उसके साथ साइबर फ्रॉड हो गया है। इस पर अपने साथ हुई धोखाधड़ी का पता चला।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर कांग्रेस नेता ने तीनों सेनाओं को किया सैल्यूट

**फतेहाबाद।** भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादियों के 9 ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक ने पूरी दुनिया को दिखा दिया है कि भारत अब आतंकवाद को सहन नहीं करेगा और उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। भारतीय सेना की इस कार्रवाई ने पूरे देशवासियों में खुशी की लहर है। यह बात युवा कांग्रेस नेता एवं प्रमुख समाजसेवी मुकेश प्रजापति ने ऑपरेशन सिन्दूर की कामयाबी पर देश की तीनों सेनाओं को सैल्यूट करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारत के वीर जवान हिन्दूस्थान को आंख दिखाने वालों की आंखें निकालने का साहस रखते हैं। उन्होंने कहा कि पहलगांव हमले में हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया था, उनके पतियों को आतंकवादियों ने मार दिया था, जिसका बदला भारतीय सेना ने ले लिया है। मुकेश प्रजापति ने कहा कि जिन महिलाओं के सुहाग उजड़े हैं, उनकी भरपाई तो नहीं हो सकती लेकिन आज मातृ शक्ति में इस बात की खुशी है कि जो बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, उसका बदला ऑपरेशन सिंदूर से ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि हम भारतीय सत्य, अहिंसा और शांति को मानने वाले लोग हैं। भारतीय कभी गलत नहीं करते लेकिन अगर कोई हमारे साथ गलत करता है तो फिर हम सहते नहीं। आतंकवाद को पोसने वाले लोगों को सबक सिखाया जा रहा।



## पहलगाम के शहीदों को सलामी, निकाली तिरंगा यात्रा


**भूना।** आदर्श भारती स्कूल में गुरुवार को पहलगाम हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। भारतीय सेना द्वारा सिंदूर ऑपरेशन में आतंकियों के खात्मे के बाद स्कूल में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में स्कूल के स्टाफ और विद्यार्थियों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा को स्कूल के प्रबंध निदेशक सुभाष बिश्नोई और प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेश खीचड़ ने रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य कृष्ण धारनिया ने की। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व स्टाफ सदस्य कीनती कुमार और जयप्रकाश ने किया। व्यवस्था बनाए रखने में साहिल मंडा, कपिल कुमार, धर्मपाल शर्मा, अमित, मनिंदर, राजकुमार, मधुबाला, सुजाता, रिचा, पायल, रेनू और कीर्ति ने सहयोग दिया। सुभाष बिश्नोई ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं, इसका श्रेय देश के सैनिकों को जाता है। वे रात को सीमा पर पहरा देते हैं और दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देते हैं।



## जेल लोक अदालत में एक बंदी को रिहा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय जेल -2, हिसार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में तीन विचाराधीन मामले रखे गए इनमें से एक मुकदमे में एक विचाराधीन बंदी को रिहा किया गया। इसमें आदेश दिए गए की अगर विचाराधीन बंदी पर और कोई मुकदमा न हो तो इनको रिहा किया जाए। उन्होंने बताया कि जेल अदालत महीने में दो बार लगाई जाती है। जेल लोक अदालत उपरांत सीजेएम ने जेल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों हवालातियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधित जानकारी दी। इसके अलावा सीजेएम ने जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है तो वह मुफ्त कानूनी सेवाओं के लिए प्राधिकरण के अधीन वकील की सेवाएं ले सकते हैं। इस संबंध में लिखित जेल प्रशासन के माध्यम से या न्याय रक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यालय में भेजनी होती है।


फतेहाबाद। केंद्रीय जेल 2 में आयोजित जेल लोक अदालत में मामलों की सुनवाई करती सीजेएम गायत्री।

## 'खाटू वाले श्याम जी कमाल हो गया' भजन पर जमकर झूमे श्याम भक्त

**फतेहाबाद।** गुरुकृपा मंडल द्वारा श्याम कीर्तन उत्सव रघुनाथ मंदिर धर्मशाला में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में कटारिया परिवार ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद भारत टुटेजा ने गणेश वंदना, गुरु वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ममता तनेजा ने 'सांवरियां ले चल परली पार, राधे राधे बोल रे मनवा' भजनों से श्याम नाम की महिमा का गुणगान किया। उसके बाद टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने 'बिन पिये नशा हो जाता है, आशा रख पगली वो आयेगे, मेरी चूनर पे पढ़ गयो दाग री, होली है आज बृज में होली है, बरसाना जाना है, मस्तो की मस्ती बरसाना मेरा गांव है' आदि सुंदर भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में बाबा श्याम का दरबार देखने योग्य था। लख दातार मंडल, शीश के दानी महिला मंडल का खूब सहयोग रहा। उत्सव में परविंदर पलक, सचिन राधे सिरसा ने बाबा श्याम जी महिमा का गुणगान किया।



कार्यक्रम | 81 साल के गोल्ड मेडलिस्ट ने कहा : अनुशासन और लगन से हर लक्ष्य पाना संभव

## मास्टर्स गेम्स के नेशनल चैम्पियन्स ने बच्चों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मास्टर्स गेम्स के नेशनल चैम्पियन्स जोगिंदर सिंह भ्याना और बलदेव राज कंबोज वीरवार को गांव बरसीन स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंचे। दोनों वक्ताओं ने बच्चों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए जीवन में सफलता के लिए गुर बताए। विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक सुनील कुमार ने बताया कि हाल ही में हिमाचल के धर्मशाला में आयोजित नेशनल मास्टर्स चैंपियनशिप में दोनों एथलीटों ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। जोगिंदर सिंह भ्याना ने 5 किलोमीटर और 1500 मी में स्वर्ण पदक और 800 मी में सिल्वर मेडल हासिल किया, वहीं बलदेव राज कंबोज ने 10 किलोमीटर की दौड में गोल्ड मेडल हासिल किया है।गोल्ड मैडलिस्ट जोगिंदर भ्याना ने कहा कि उनकी उम्र 81 वर्ष की है और इस उम्र में भी वह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। यह सब कुछ अनुशासन और उत्साह का ही परिणाम है जो कि उन्होंने अपने जीवन में अपनाया है।

उन्होंने कहा कि अनुशासन और लगन से जीवन में हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है, लेकिन सबसे पहले हमें अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करना होगा। बलदेव सिंह कंबोज ने कहा कि वे हरियाणा पुलिस के एसआई के पद से सेवानिवृत हुए हैं, लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद लगातार वे सक्रिय हैं। प्रतिदिन सुबह और शाम खेल के मैदान में जाने से हमारा दिमाग और मन स्वस्थ रहता है, इसलिए हमारे बच्चों को भी हर रोज कम से कम एक या दो घंटे खेल के मैदान में बिताने चाहिए। इससे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होगा और बुरी आदतों से बचेंगे। स्कूल इंचार्ज रिंपल ने अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक शुचि, परमिंदर कौर, कृष्णा, सीमा, संगीता, ब्रह्मा, आशा रानी, पंकज, शकुंतला, राजवीर सिंह, योगेंद्र सिंह, राजेश, वेदप्रकाश, हरविंद्र सिंह और रश्मि व प्रदीप आदि उपस्थित रहे।


फतेहाबाद। सरकारी स्कूल बरसीन के विद्यार्थियों के बीच में पहुंचे नेशनल मास्टर्स चैंपियनशिप के गोल्ड मेडलिस्ट।